छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – 202 प्रकरण क्रमांक– **M-PRO-2025-02831**

आवेदक : श्रीमती सरस्वती शाही, पति–श्री रविन्द्र नाथ शाही, पता–साह भवन, अम्बेडकर नगर, गुढ़ियारी, जिला–रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध (1) श्री अमित अग्रवाल, पता–फार्च्युन बिल्डकॉन दौर तालाब के पास, महोबा बाजार, जिला–रायपुर (छ.ग.) (2) श्री सीताराम अग्रवाल, पता– राहे बरसाना, हीरापुर रोड, विश्वकर्मा मंदिर के पास, सर्वोदय नगर, महोबा बाजार, जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
11/07/2025	– प्रकरण प्रस्तुत। – आवेदिका पक्षकार स्वतः उपस्थित। – अनावेदक द्वारा अधिवक्ता श्री शाश्वत सुराना उपस्थित। वकालतनामा पेश किया गया। आवेदिका द्वारा दस्तावेज की छायाप्रति पेश किया गया। अनावेदक अधिवक्ता द्वारा प्रारंभिक आपत्ति प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष को सुना गया। आवेदिका द्वारा अपने मकान से आने–जाने के लिये मार्ग अवरूद्ध करने के संबंध में शिकायत किया गया कथन किया। आवेदिका आबंटिती नहीं है और अनावेदक प्रमोटर के कॉलोनी से संबंधित नहीं है। आवेदिका का शिकायत अपने स्वामित्व की स्वतंत्र मकान से मार्ग अवरूद्ध करने से संबंधित है। इस प्रकार के विषय–वस्तु पर सुनवाई का क्षेत्राधिकार प्राधिकरण को नहीं है। सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर वांछित अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं। अतः अनावेदक पक्ष का प्रारंभिक आपत्ति से सहमत होकर आवेदिका का आवेदन खारिज किया गया। प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ दाखिल किया जावे। सही/– (धनंजय देवांगन) सदस्य सही/– (संजय शुक्ला) अध्यक्ष	